# कार्यालय मुख्य कार्यपालन अधिकारी एवं अधिष्ठाता
# स्वशासी श्याम शाह चिकित्सा महाविद्यालय रीवा (म0प्र0)

क्रमांक 12316 /स्वशासी/स्था/एमसी/2017 रीवा दिनांक 28.8.17

## भर्ती सूचना

स्वशासी श्याम शाह चिकित्सा महाविद्यालय रीवा में स्वशासी संस्था के अन्तर्गत डायलेसिस टेक्नीशियन **संविदा** पद पर नियुक्ति हेतु निर्धारित शर्तों के अधीन आवेदन पत्र आमंत्रित किये जाते है।

**आवेदन की अंतिम तिथि :– 18.09.2017**

| | | | | रोस्टर अनुसार वर्गीकरण | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| क्रं | पदनाम | कुल रिक्त पद | संविदा वेतन | अनारक्षित | अनुसूचित जनजाति | अनुसूचित जाति | ओ.बी.सी. | न्यूनतम अर्हता |
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 | 9 |
| 1. | डायलेसिस टेक्नीशियन (संविदा नियुक्ति) | 01 | 13000/– (निश्चित मासिक संविदा वेतन) | – | 01 | – | – | 1.जीव विज्ञान, रसायन विज्ञान , भौतिकी विषय के साथ 10+2 शिक्षा पद्धति में 12वीं परीक्षा उत्तीर्ण।<br>2. मान्यता प्राप्त संस्थान से डायलेसिस टेक्नीशियन का डिप्लोमा/प्रशिक्षण डिप्लोमाधारी को प्राथमिकता म0प्र0 पैरामेडिकल कौंशिल भोपाल से जीवित पंजीयन होना चहिए।<br>3. 500 विस्तर के शासकीय/स्वशासी चिकित्सालय में 1 वर्ष के कार्य अनुभव प्राथमिकता। |

**नोट :–**

1. **चयन हेतु रिक्तियों के 1:12 उम्मीदवारों को प्रवीण्यता के आधार पर लिखित परीक्षा/साक्षात्कार हेतु आमंत्रित किया जावेगा। आवेदन पत्र प्रस्तुत करना मात्र साक्षात्कार हेतु पात्रता नही होगी।**
2. **आवेदन पत्र का प्रारूप एवं नियम व शर्ते श्याम शाह चिकित्सा महाविद्यालय की वेवसाइड www.ssmc rewa.com पर देखें जा सकते है।**
3. **लिखित परीक्षा हेतु उपयुक्त पाये गये उम्मीदवारों की सूची एवं साक्षात्कार की तिथि वेवसाइड मे उपलब्ध रहेगी।**
4. **साक्षात्कार के लिए किसी भी अभ्यार्थी को यात्रा भत्ता इस संस्था द्वारा देय नहीं होगा। उन्हें स्वयं के व्यय पर यात्रा करना होगा।**

मुख्य कार्यपालन अधिकारी एवं अधिष्ठाता
स्वशासी श्याम शाह चिकित्सा महाविद्यालय रीवा (म0प्र0)

28/8/17

Advertiesment

**शर्तें :– यह नियुक्ति स्वशासी संस्था के संवर्धन एवं संविलियन संबंधी नियम 1998 के अन्तर्गत निम्न शर्तों के अधीन होगी :–**

**1आयु सीमा :–** आयु सीमा की गणना निम्नानुसार होगी।

| | | |
|---|---|---|
| **अ.** | पुरूष आवेदन ( अजजा/अजा ) | = 45 वर्ष |
| **ब.** | महिला आवेदक (अजजा./अजा) | = 50 वर्ष |
| **स.** | विधवा, परित्यक्ता एवं तलाकशुदा महिला आवेदक (UR) | = 50 वर्ष |

**2 अन्य शर्तें :–**

1. इन नियमों के अतर्गत नियुक्त कोई भी व्यक्ति म0प्र0सिविल सेवा आचरण नियम 1965 के द्वारा शासित होगा।
2. शासकीय सेवा मे कार्यरत उम्मीदवार को उचित माध्यम से अनापत्ति प्रमाण पत्र प्रस्तुत करना होगा।
3. पुरूष अभ्यर्थी जिसने 21 वर्ष से पूर्व विवाह कर लिया हो तथा महिला अभ्यर्थी जिसने 18 वर्ष की आयु से पूर्व विवाह कर लिया हो नियुक्त के लिये पात्र नही होगा/होगी।
4. कोई भी अभ्यर्थी जिसकी दो से अधिक जीवित संताने है जिनमें से एक का जन्म 26 जनवरी 2001 को या उसके पश्चात् हुआ हो किसी सेवा या पद पर नियुक्ति के लिये पात्र नहीं होगा। परंतु कोई भी अभ्यर्थी जिसके पहले से एक जीवित संतान है तथा अगामी प्रसव 26 जनवरी 2001 को या उसके पश्चात् हो, जिसमें दो या दो से अधिक संतान का जन्म होता है, किसी सेवा या पद पर नियुक्ति के लिये निरर्हित नहीं होगा।
5. अपूर्ण आवेदन का सम्पूर्ण दायित्व आवेदक का होगा, तथा आवेदन स्वीकार न होने की स्थिति में तद्विषयक पृथक से कोई सूचना नही दी जावेगी।
6. स्वयं का पूर्ण पता लिखा लिफाफे में डाक टिकट (स्पीड पोस्ट मूल्यों के) आवेदन पत्र के साथ आवश्यक रूप से संलग्न करें।
7. नियुक्ति उपरान्त 1 वर्ष तक अन्यत्र सेवा हेतु आवेदन के लिए अनापत्ति प्रमाण पत्र देना संभव नही होगा।
8. **अ.** संविदा पर नियुक्ति प्रथमतः 11 माह तक के लिए होगी।
   **ब.** कार्य एवं व्यवहार की उत्तम सूचना के अधार पर अगामी 11 माह के लिए कार्यकाल में वृद्धि की जा सकेगी ।
9. आवेदन पत्र के साथ आरक्षित पद के लिए **रू. 250/–** (दो सौ पचाास ) का राष्ट्रीयकृत बैंक द्वारा जारी बैंक ड्राफ्ट जो **मुख्य कार्यपालन अधिकारी एवं अधिष्ठाता स्वशासी श्याम शाह चिकित्सा महाविद्यालय रीवा** के नामे देय हो संलग्न करना अनिवार्य होगा जो किसी भी स्थिति में वापस नही किया जावेगा। बैंक ड्राफ्ट के पीछे अभ्यार्थी को पूरा नाम पता एवं **मोबाइल न.** लिखना आवश्यक है।
10. संविदा पर कार्यरत कर्मचारी द्वारा त्याग पत्र देने की स्थिति में एक माह पूर्व का नोटिस अथवा एक माह का मानदेय तुल्य राशि जमा करनी होगी ।
11. कार्य असंतोषजनक होने पर एक माह के पूर्व नोटिस अथवा एक माह की वेतन राशि देकर सेवायें समाप्त की जा सकेगी।

**क्रमशः पेंज–02**

13. निर्धारित तिथि के पश्चात प्राप्त आवेदन पत्रों पर विचार नही किया जावेगा।
14. आवेदक को म0प्र0 का मूल निवासी होना चाहिए।
15. कम्प्यूटर का ज्ञान होना आवश्यक है।
16. संविदा पर नियुक्त कर्मचारी नियमित नियुक्त अथवा नियमितिकरण की मांग नही करेगा और न ही नियमितिकरण हेतु किसी प्रकार का दावा स्वीकार होगा।
17. **आवेदन पत्र के साथ निम्नलिखित प्रमाण पत्र की प्रमाणित छायाप्रतियां संलग्न करना अनिवार्य होगा। तथा साक्षात्कार के समय मूल प्रतियॉ प्रस्तुत करना होगा।**

1. आयु के संबंध में हाई स्कूल एवं हायर सेकेन्डरी परीक्षा प्रमाण पत्र।
2. सक्षम अधिकारी द्वारा प्रदत्त जाति प्रमाण पत्र।
3. म0प्र0 का मूल निवासी प्रमाण पत्र।
4. डायलेसिस टेक्नशियन का डिप्लोमा।
5. अनुभव।
6. पैरामेडिकल कौंसिंल का पंजीयन।
7. विधवा/परित्यक्ता/तलाकशुदा की स्थिति में नोटरी द्वारा अभिप्रमाणित तत्संबंधी शपथ पत्र।
8. शासन द्वारा निर्धारित न्यूनतम आयु के पूर्व विवाह न होने एवं दिनांक 26.01.2001 के बाद 2 से अधिक जीवित संन्तान न होने का नोटरी द्वारा अभिप्रमाणित शपथ पत्र।
9. शासकीय सेवा मे कार्यरत उम्मीदवार द्वारा नियोक्ता का अनापत्ति प्रमाण पपत्र।

**मुख्य कार्यपालन ~~अधिकारी~~ एवं अधिष्ठाता**
**स्वशासी श्याम शाह चिकित्सा महाविद्यालय रीवा (म0प्र0)**

28/8/17

Advertiesment

## आवेदन का प्रारूप

| पासपोर्ट साइज का नवीनतम फोटो<br><br>राजपत्रित अधिकारी द्वारा सत्यापित |
|---|

1. आवेदित पद का नाम ..........................................................
2. बैंक ड्राफ्ट क्रमांक.......................... राशि ................दिनांक..................................
3. आवेदक का पूरा नाम (उप नाम सहित)................................................................
4. पिता/पति का नाम (उप नाम सहित).........................................
5. जन्म तिथि ......................................................................
(सत्यापन हेतु प्रमाण पत्रों की सत्यापित प्रति संलग्न करें)
6. वर्तमान निवास का पता तथा पिन कोड :– ...........................
7. स्थाई निवास का पूर्ण पता तथा पिन कोड :– ......................
8. अनुसूचित जन जाति/अनुसूचित जाति(सक्षम अधिकारी द्वारा जारी प्रमाण पत्र संलग्न करें)
9. विवाहित होने की स्थिति में विवाह की तिथि ...........................
10. शैक्षणिक योग्यता :–

| क्र. | परीक्षा का नाम | संस्था/बोर्ड/विवि का नाम | वर्ष | विषय | श्रेणी | प्राप्तांक |
|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | | | | |
| | | | | | | |
| | | | | | | |
| | | | | | | |

11. जीवित बच्चों का विवरण :–

| क्र. | नाम | लिंग | जन्मतिथि (सत्यापित प्रमाण पत्र की छायाप्रति संलग्न करें) |
|---|---|---|---|
| | | | |
| | | | |

12. अन्य विशेष योग्यता :– ..................................................
13. संलग्न प्रमाण पत्रों की सूची :–
14. सभी कालम की पूर्ति अनिवार्य रूप से की जाय कालम पूर्ति न होने के कारण आवेदन पत्र पर विचार नही किया जावेगा।

**आवेदक का हस्ताक्षर एवं पूरा नाम**

## प्रमाण पत्र

**प्रमाणित करता/करती हूं कि उपरोक्त जानकारी मेरे द्वारा दी गई है वह पूर्णतः सत्य है, जानकारी असत्य पाये जाने की दशा में मेरा आवेदन निरस्त किया जा सकेगा तथा मेरे विरूद्ध वैधानिक कार्यवाही की जा सकेगी।**

आवेदक का हस्ताक्षर एवं पूरा नाम

Advertiesment